# University in News on 26 May 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : होम साइंस के होंगे पीएचडी प्रवेश, इंटरव्यू 28-29 मई को

### अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद बनी डीआरसी

अमर उजाला इंपैक्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में लगभग दो साल से पीएचडी प्रवेश के लिए भटक रहे होम साइंस के स्टूडेंट्स को बड़ी राहत मिली है। मामले को लेकर 'अमर उजाला' में खबर प्रकाशित होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब प्रवेश की कवायद पूरी करते हुए 28-29 मई को ऑनलाइन इंटरव्यू आयोजित करने जा रहा है। विश्वविद्यालय में सत्र 2019-20 में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, लेकिन कंप्यूटर साइंस और होम साइंस विभाग में कुछ दिक्कत के कारण प्रवेश नहीं किए गए। वहीं, पिछले साल पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया भी नहीं हुई। अब इस साल जब 2021-22 के यूजी-पीजी प्रवेश किए जा रहे हैं तो सत्र 2020-21 के भी पीएचडी प्रवेश भी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विवि प्रशासन ने उक्त दो कोर्स के प्रवेश पूरे नहीं किए और कम्प्यूटर साइंस में नई सीटें भी निर्धारित कर दी।

अमर उजाला ने 5 अप्रैल के अंक में 'पिछले साल के प्रवेश हुए नहीं और नई सीटें निर्धारित' शीर्षक से खबर प्रकाशित की, जिसके बाद विवि प्रशासन ने इसकी दिक्कत दूर कर हाल में कम्प्यूटर साइंस के ऑनलाइन इंटरव्यू आयोजित किए थे। अब होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश इंटरव्यू 28-29 मई को आयोजित करने की सूचना जारी की गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि होम साइंस में बचे पीएचडी प्रवेश के लिए डीआरसी का गठन कर दिया गया है। इसकी प्रवेश परीक्षा में योग्य अभ्यर्थियों का ऑनलाइन इंटरव्यू सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को इसका लिंक भेज दिया जाएगा। विद्यार्थियों को 26 तक अपना रिसर्च प्रपोजल भेजना होगा। जानकारी के अनुसार पीएचडी की लगभग 08 सीटों के लिए 60 से अधिक अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल होंगे।

### ये था मामला

विवि में होम साइंस का कोई नियमित शिक्षक नहीं है। नियमानुसार नियमित शिक्षक के साथ ही वह विषय भी पीजी स्तर पर चलना चाहिए। तभी वहां पीएचडी की सीटें दी जाती हैं। शायद यही वजह है कि इस बार होम साइंस में सीट नहीं निर्धारित की गई है। लविवि से जुड़े दो-तीन कॉलेजों में ही होम साइंस का कोर्स चलता है।

## लविवि के दो विभागों में बने समन्वयक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को दो विभागों में समन्वयक की तैनाती की है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार मनोविज्ञान विभाग में डॉ. अर्चना शुक्ला को शैक्षणिक कार्यों व अन्य दैनिक कार्यों के सुचारु रूप से संचालन के लिए समन्वयक बनाया गया है। यहां प्रो. मधुरिमा प्रधान के हेड के रूप में कार्यकाल पूरा हुआ है। वहीं, शारीरिक शिक्षा विभाग में डॉ. शशि कन्नौजिया को समन्वयक बनाया गया है। यहां डॉ. नीरज जैन जून में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

**HINDUSTAN PAGE 5**

## एलयू के छात्र जरूरतमंदों को दे रहे मेडिकल किट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राएं कोरोना की दूसरी लहर में लगातार मदद के हाथ बढ़ा रहे हैं। छात्र आदर्श के साथ हर्षिता , मोनिका , उत्कर्ष , यश , अनिमेष और बिपिन ने हेल्पिंग हैण्डस टीम का गठन कर मेडिकल किट जरूरतमंदों तक पंहुचाना शुरू कीं।

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लविवि : स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार शाम को स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर (10 विषयों के) परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। इन विषयों में एक हजार 55 विद्यार्थियों में से 614 सफल हुए हैं। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

लविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सक्सेना ने बताया कि इससे पहले स्नातक और परास्नातक के 115 विषयों की परीक्षाओं के नतीजे जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही बचे हुए विषयों के परिणाम भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

**इन विषयों के परिणाम घोषित:** बीए आनर्स हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, बीबीए आइबी प्रथम सेमेस्टर, बीबीए टूरिज्म प्रथम सेमेस्टर, एमबीए पांच वर्षीय प्रथम सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एमए ह्यूमन कान्सिसनेस एंड यौगिक साइंस तृतीय सेमेस्टर, एमए जैविक सांख्यिकी तृतीय सेमेस्टर, एमए सांख्यिकी, एमए क्रिमिनोलाजी क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन तृतीय वर्ष, एमए अर्थशास्त्र।

### डा.अर्चना शुक्ला व डा. शशि कनौजिया बनीं समन्वयक

लविवि में शैक्षणिक कार्य संपादन के लिए मनोविज्ञान विभाग की डा.अर्चना शुक्ला को समन्वयक बनाया गया है। वहीं, कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के निर्देश पर शारीरिक शिक्षा विभाग की डा. शशि कनौजिया को शारीरिक शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्य व अन्य कार्यों के लिए समन्वयक बनाया गया है। यह जानकारी कुलसचिव डा.विनोद कुमार सिंह ने दी।

**AMRIT VICHAR PAGE 2**

## लविवि के दो विभागों में समन्यवक नियुक्त

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो विभागों के समन्वयक बनाए गए है चूंकि कोरोना काल के चलते विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर की कमेटी नहीं हो पाई है। इसके चलते विभागों में समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह समन्वयक विभाग को विभागाध्यक्ष के रूप में ही कार्य करेंगे। मनोविज्ञान विभाग में डॉ. अर्चना शुक्ला और शारीरिक शिक्षा विभाग में डॉ. शशि कनौजिया को नियुक्त किया गया है। यह दोनों ही समन्वयक विभाग के शैक्षणिक कार्यों और अन्य दैनिक कार्यों के सुचारू रूप से संचालित करेंगे।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 3**

## यूजी-पीजी के 10 विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि ने मंगलवार शाम को स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में 10 विषयों के नतीजे जारी कर दिए।

इन विषयों में 1,055 विद्यार्थियों में से 614 सफल हुए हैं छात्र अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। लविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सक्सेना ने बताया कि इससे पहले यूजी और पीजी के 115 विषयों की परीक्षाओं के नतीजे जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही बचे हुए विषयों के परिणाम भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे इन विषयों के परिणाम घोषित : बीए आनर्स हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, बीबीए आइबी प्रथम सेमेस्टर, बीबीए टूरिज्म प्रथम सेमेस्टर, एमबीए पांच वर्षीय प्रथम सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एमए ह्यूमन कॉन्सिसनेस एंड यौगिक साइंस तृतीय सेमेस्टर, एमए जैविक सांख्यिकी तृतीय सेमेस्टर, एमए सांख्यिकी, एमए क्रिमिनोलॉजी क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन तृतीय वर्ष, एमए अर्थशास्त्र।

**VISHWAVARTA PAGE 2**

## स्नातक, परास्नातक के 10 विषयों के परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय

विश्ववार्ता संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार शाम को स्नातक और परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाओं में 10 विषयों के नतीजे जारी कर दिए इन विषयों में कुल 1054 विद्यार्थियों में से 614 सफल हुए हैं।

छात्र अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। एलयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एके सक्सेना के अनुसार यूजी और पीजी के 115 विषयों की परीक्षाओं के नतीजे जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही बचे हुए विषयों के परिणाम भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इन विषयों के परिणाम जारी किये गये हैं- पीजी-एमबीए पांच वर्षीय प्रथम सेमेस्टर, एमए समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एमए ह्यूमन कॉन्सिसनेस एंड यौगिक साइंस तृतीय सेमेस्टर, एमए जैविक सांख्यिकी तृतीय सेमेस्टर, एमए सांख्यिकी, एमए क्रिमिनोलॉजी - क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन तृतीय वर्ष, एमए अर्थशास्त्र यूजी-बीए आनर्स हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, बीबीए आइबी प्रथम सेमेस्टर, बीबीए टूरिज्म प्रथम सेमेस्टर।